# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

**नाशिक | Wednesday, 23 September 2026**


## IIT बॉम्बे मे घुंसपैठ! 14 दिन तक रहकर लेक्चर मे बैठा संदिग्ध, I-Card मांगते ही भाग गया, फिर ऐसे पकड़ा गया।


Publisher | Published on 21 Jun 2025





## "देश की प्रतिष्ठित संस्था IIT बॉम्बे मे 14 दिन तक एक अज्ञात युवक ने बिना अनुमति के रहकर लेक्चर अटेडं किया, सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल"

**मुंबई :** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में से एक **IIT बॉम्बे (Indian Institute of Technology, Bombay)** की सुरक्षा पर उस समय सवाल उठ खड़े हुए जब यह सामने आया कि एक **22 वर्षीय युवक ने 14 दिनों तक कैपंस मे अंवैध रूप से प्रवेश** कर लेक्चर तक अटेंड किए।

यह युवक, जिसकी पहचान **बिलाल अहमद फयाज अहमद तेली (मूल निवासी, मंगलुरु, कर्नाटक)** के रूप में हुई है, को 17 जून को गिरफ्तार किया गया। उसे **IIT बॉम्बे की क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT)** ने पकड़ा और फिर पवई पुलिस को सौंप दिया।

### IIT कैपंस मे संदिग्ध घुसपैठ की पूरी कहानी

4 जून को **CREST विभाग** की अधिकारी **शिल्पा कोटिक्कल** को एक अज्ञात व्यक्ति पर संदेह हुआ, जब उन्होंने उससे **ID कार्ड** मांगा तो वह मौके से भाग गया। इसके बाद जब **CCTV फुटेज** चेक किया गया, तो उसकी पहचान पक्की हुई।

17 जून को वही युवक लेक्चर हॉल **HL-101** में फिर से देखा गया। वह खुद को छात्र दिखाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान **QRT गार्ड किशोर कुंभार** और **श्याम घोडविंदे** ने उसे धर दबोचा।

### छात्रावासों मे भी छिपकर रहा युवक

पूछताछ के दौरान बिलाल ने कबूल किया कि वह 2 जून से 17 जून तक कैंपस के विभिन्न हॉस्टलों में रह रहा था। **IIT बॉम्बे** का

कैंपस करीब **550 एकड़** में फैला है, जिसमें **13,000 से अधिक छात्र** रहते हैं।

## जासूसी की आशंका, खुफिया एजेंसियां अलर्ट

**पुलिस** और **सुरक्षा एजेंसियां** अब यह जांच कर रही हैं कि क्या बिलाल का मकसद जासूसी या खुफिया जानकारी इकट्ठा करना था। क्या वह किसी छात्र पर नजर रख रहा था या फिर किसी नेटवर्क का हिस्सा था? इस मामले को गंभीरता से लेते हुए **IB** और अन्य **खुफिया एजेंसियों** को अलर्ट किया गया है।

## सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

**IIT जैसे हाई-सिक्योरिटी कैंपस** में बिना वैध प्रवेश के 14 दिन रहना, लेक्चर अटेंड करना और हॉस्टलों में छिपे रहना—यह पूरी घटना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है। अब कैंपस प्रशासन ने सभी छात्रों और स्टाफ से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.